वॉलंटियर के नाम अरविंद केजरीवाल का पत्र



प्रिय वॉलंटियर,

पहले अन्ना आंदोलन, फिर आम आदमी पार्टी। आपने पिछले चार सालों में इस देश की राजनीति को तो हिला दिया है। इसके लिए आपको बधाई।

इन चार वर्षों में आपने बहुत त्याग किया है। रात-दिन की अथक मेहनत। न खाने का पता, न पीने का पता। आपमें से कई लोगों को तो अपने परिवारों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। आपमें से कई लोगों ने नौकरियां छोड़ दीं। दुकानें बंद कर दीं। दिल से, आपकी देश-भक्ति और आपके जज़्बे को मैं सलाम करता हूं।

अक्टूबर में दोबारा दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। मैं जानता हूं आप बहुत थके हुए हैं। थोड़ी थकान मुझे भी है। पर दोस्तों, उठो। हम मंजिल पर पहुंचने वाले हैं। इस बार हर हालत में हमें दिल्ली विधानसभा में पूर्ण बहुमत प्राप्त करना है। मेरा दिल कहता है कि हमें बहुमत से कहीं ज़्यादा सीटें मिलेंगी।

इन चुनावों में और चुनावों के बाद ''बूथ इंचार्ज'' सबसे अहम् भूमिका निभाने वाले हैं। बूथ इंचार्ज मतलबः

1) वो व्यक्ति जो अपने बूथ के सभी वोटरों के संपर्क में रहेगा और समय-समय पर पार्टी से मिलने वाले निर्देशों को हर घर तक पहुंचाएगा।

2) वह अपने बूथ पर 10 से 20 तक वॉलंटियर्स की अपनी टीम तैयार करेगा।

3) इन चुनावों की रीढ़ की हड्डी बूथ इंचार्ज होंगे।

चुनावों के बाद दिल्ली सरकार चलाने में भी बूथ इंचार्ज सबसे अहम् भूमिका निभाएंगेः

1) चुनावों के बाद जो काम बूथ वॉलंटियर अपने इलाके के लोगों को लेकर आयेगा, वो काम सबसे पहले कराये जाएंगे।

2) जब दिल्ली में स्वराज का कानून लागू होगा, तो बूथ इंचार्जों में से ही मोहल्ला प्रभारी बनाये जाएंगे।

क्या आप बूथ इंचार्ज की जिम्मेदारी लेने में सक्षम हैं? क्या आप इतना समय दे सकते हैं? यदि हां, तो तुरंत बूथ इंचार्ज का फॉर्म भर दीजिए। (फॉर्म इसके पीछे दिया है।)

एक और बात। बूथ इंचार्ज का काम अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आपको समय-समय पर टारगेट दिए जाएंगे। यदि आप बार-बार टारगेट पूरे करने में असक्षम पाये जाते हैं तो आपको बदल दिया जाएगा। इस बात का आप कृपया बुरा मत मानियेगा।

आपका

अरविंद केजरीवाल

आम आदमी पार्टीः ए-119, कौशांबी, गा़ज़ियाबाद, उ0प्र0-201010. फोनः 9718500606